PPMN

सहयोग आपका प्रयास हमारा

# परिष्कार पत्रिका

जयपुर सहित, किशनगढ़, अजमेर, नसीराबाद, ब्यावर, जोधपुर, बानसूर, अलवर, कोटपूतली, बहरोड़, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, कानोता, बस्सी, नीम का थाना, रींगस, सीकर, कोटा, शिवदासपुरा, भीलवाड़ा, अहमदाबाद, बीकानेर, दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, मध्यप्रदेश में प्रसारित

प्रगति की ओर

बेटी बचाओ
बेटी पढ़ाओ

**जरूरी सूचना**
यदि आपके पास परिष्कार पत्रिका डाक से आता है और हर माह की 10 व 25 तारीख को पाबंदी से नहीं आ रहा है, तो अपने पोस्टमास्टर या डाकिए से हमारी बात कराएं या सूचित करें। इसका निश्चित रूप से समाधान निकलेगा।
सम्पर्क करें
9314407796

पोस्टल रजि. Jaipur City/ 240/ 2024-26 पाक्षिक (हिन्दी राष्ट्रीय) मूल्य 2 रूपए

विशेषांक

E-Mail : parishkarpatrika@gmail.com

वर्ष - 23 » अंक 6 » जयपुर: 23 अक्टूबर 2024 से 7 नवंबर 2024 » RNI No : RJHIN/2002/9810 » वार्षिक सहयोग 500 रूपए

सभी पाठकों और प्रदेशवासियों को
**दीपावली के पावन पर्व**
पर
## हार्दिक शुभकामनाएं



श्रीमती शीला देवी
मुख्य संरक्षक
एवं
श्रवण सिंह किरार
निदेशक

**परिष्कार पत्रिका परिवार**

## राज्य सरकार की युवाओं को सौगात, प्रदेश में परीक्षार्थियों को अब दो दिन पूर्व एवं दो दिन बाद तक मिलेगी निःशुल्क यात्रा सुविधा

**राजस्थान रोडवेज की बसों में रहेगी निःशुल्क यात्रा सुविधा, निवास स्थान के साथ ही तैयारी स्थल से परीक्षा केन्द्र तक जाने में दी शिथिलता।**

परिष्कार पत्रिका



जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार युवाओं के हित में निरंतर कृतसंकल्पित होकर कार्य कर रही है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशानुसार आगामी समान पात्रता परीक्षा सीनियर सेकेंडरी स्तर में भाग लेने वाले परीक्षार्थियों को अब परीक्षा दिवस के दो दिन पूर्व एवं दो दिन बाद तक निःशुल्क यात्रा सुविधा उपलब्ध करवायी जाएगी।

उल्लेखनीय है कि राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम की साधारण एवं द्रुतगामी बसों में राज्य की सीमा के अंदर निःशुल्क यात्रा सुविधा प्रदान की जाएगी। साथ ही, परीक्षार्थी को अब निवास स्थल के साथ ही कोचिंग संस्थान अथवा तैयारी स्थल से परीक्षा केन्द्र तक निःशुल्क यात्रा की शिथिलता प्रदान की गई है।

इसके अतिरिक्त राज्य सरकार द्वारा परीक्षार्थियों के आवागमन में सहूलियत को ध्यान में रखते हुए अतिरिक्त बसों की भी व्यवस्था की गई है। इस निर्णय से युवाओं को परीक्षा केंद्रों तक पहुंचने में सुगमता होने के साथ ही आर्थिक राहत मिल सकेगी।

शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक

# राज्य के प्रत्येक बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पाने का समान अधिकार

### सरकारी योजनाओं में सुधार और भविष्य की संभावनाओं पर हुई चर्चा

परिष्कार पत्रिका



जयपुर। झालाना स्थित शिक्षा संकुल में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई जिसमें सरकारी विद्यालयों में चल रही योजनाओं की प्रगतिए संचालन और नवाचारों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता कृष्ण कुणाल, शासन सचिव स्कूल शिक्षा, भाषा, पुस्तकालय विभाग एवं पंचायती राज प्रारंभिक शिक्षा विभाग ने की। कुणाल ने सरकारी योजनाओं में सुधार के साथ आवश्यक सुझावों को जल्द से जल्द अमल में लाने के निर्देश दिए। उन्होंने आंगनबाड़ी, प्रारंभिक शिक्षा, सेकेंडरी शिक्षा, पीएम और बालिका शिक्षा में आवश्यक सुधारों पर जोर दिया। इसके अतिरिक्त, बालिका शिक्षण संस्थानों में गुड टच, बैड टच जैसी विषयों पर जागरूकता बढ़ाने पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता पर बल दिया। शासन सचिव ने राजस्थान की शिक्षा प्रणाली का अन्य राज्यों जैसे उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, असम और आंध्र प्रदेश की शिक्षा पद्धति से तुलनात्मक अध्ययन करने के निर्देश दिए। उन्होंने विगत वर्षों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यालयों को रोल मॉडल मानते हुए अन्य सरकारी विद्यालयों को उनकी दिशा-निर्देशों का अनुसरण करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि राज्य के प्रत्येक बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पाने का समान अधिकार है। उन्होंने तकनीकी साधनों के माध्यम से प्रारंभिक स्तर से ही शिक्षा में सुधार की आवश्यकता पर जोर दियाए साथ ही जागरूकता कार्यक्रमों में परिजनों की सहभागिता को महत्वपूर्ण बताया। बैठक में 6 नवंबर को टोंक रोड स्थित एक होटल में आयोजित होने वाले राइजिंग राजस्थान प्री-इन्वेस्टमेंट समिट की तैयारियों पर भी चर्चा हुई। शासन सचिव ने समिट से संबंधित सभी लंबित कार्यों को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। इस बैठक में राज्य परियोजना निदेशक अविचल चतुर्वेदी, निदेशक माध्यमिक शिक्षा आशीष मोदी, निदेशक प्रारंभिक शिक्षा सीताराम जाट और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

## निःशुल्क स्कूटी के लिए पात्र विशेष योग्यजन 30नवंबर तक कर सकेंगे ऑनलाइन आवेदन

परिष्कार पत्रिका

जयपुर। राजस्थान सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाएं दिव्यांगजनों के जीवन को बेहतर एवं आसान बनाने में मददगार साबित हो रही हैं। इसी कड़ी में निःशुल्क स्कूटी के लिए पात्र विशेषयोग्यजन आवेदक 30 नवंबर 2024 तक आवेदन प्रस्तुत कर सकेंगे। जिला कलक्टर डॉ जितेन्द्र कुमार सोनी ने दिव्यांगजन जिनके 40 प्रतिशत से अधिक चलन निःशक्तता हो, जो किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालयध्महाविद्यालय में अध्ययनरत हो अथवा रोजगार करते हो से निःशुल्क स्कूटी के लिये ऑनलाइन आवेदन करने की अपील की है। अध्ययनरत दिव्यांगजनों एवं रोजगार करने वाले दिव्यांगजनों को जन्म तिथि, मूल निवास, 40 प्रतिशत दिव्यांगजनता प्रमाण पत्र पूर्व के 8 वर्षों में भारत सरकार/ राजस्थान सरकार से स्कूटी प्राप्त नहीं करने का शपथ पत्र, स्वयं का विकलांगता प्रदर्शित फोटो, आधार कार्ड, जन आधार कार्ड इत्यादि मूल दस्तावेजों के साथ ऑनलाइन आवेदन में ई-मित्र अथवा एसएसओ पोर्टल से एसजेएमएस डीएसएपी के माध्यम से करना होगा। विशेष योग्यजन पेंशन प्राप्त युवाओं को पेंशन पीपीओ तथा रोजगार करने वाले दिव्यांगजनों की समस्त स्रोतों से वार्षिक आय 2 लाख रुपये का शपथ पत्र पेश करना होगा। ऐसे आवेदक स्कूटी ऑनलाइन पोर्टल पर पूर्व में आवेदन कर चुके हैं एवं स्कूटी से वंचित रहे हैं, उन्हें पुनःआवेदन करना होगा।

हॉगकॉंग में 15वें एशियन ट्रेडिशनल ड्रेगन बोट चैम्पियनशिप

## भारतीय टीम जयपुर के खिलाड़ी रक्षित कायथ ने जीता ब्रोंज मेंडल

परिष्कार पत्रिका





जयपुर। हॉंगकॉंग में 15वे एशियन ट्रेडिशनल ड्रैगन बोट चैंपियनशिप में भारतीय टीम जयपुर के खिलाड़ी रक्षित कायथ ने ब्रोंज मेडल जीता। भारतीय टीम में 53 खिलाड़ीयों ने भाग लिया। टीम दिल्ली एयरपोर्ट पर होंगकोंग से लयपूर पहुंची। रक्षित का नेशनल टीम में सलेक्शन हुआ था, पीएचईडी स्पोर्ट्स क्लब के अध्यक्ष संजय सिंह शेखावत ने बताया स्पोर्ट्स क्लब के कोच महेश कायथ के पुत्र है रक्षित कायथ खिलाड़ी ने एशियन प्रतियोगिता में भाग लेकर राजस्थान राज्य, देश को गोरवान्वित किया है, जिसका एक महीने का एलेप्पी बीच पुन्नामदा केरल राज्य में प्रक्षिक्षण कैम्प आयोजित किया था। फेडरेशन प्रमुख रेगी के एस ने बताया खिलाड़ियों को रोज़ाना सुबह साय समुंद्र में ड्रैगन बोट् चलाने का अभ्यास करवाया जाता था।


### खेल मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह ने रक्षित कायथ को पदक जीतने पर किया सम्मानित

परिष्कार पत्रिका जयपुर।



राजस्थान सरकार में युवा मामले एवं खेल विभाग के मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने पीएचईडी स्पोर्ट्स क्लब के खिलाड़ी रक्षित कायथ को सम्मानित किया। रक्षित ने हांगकांग में आयोजित 15वीं एशियन ड्रेगन बोट वॉटर स्पोर्ट्स प्रतियोगता में भाग लिया और भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व कर राजस्थान जयपुर का नाम रोशन कर पदक जीता। इस मौके पर खेल मंत्री राज्यवर्धन सहित पीएचईडी स्पोर्ट्स क्लब के अध्यक्ष संजय सिंह शेखावत व सचिव महेश कायथ ने रक्षित को पदक जीतने पर संम्मानित कर शुभकामनाएं दी।

**प्रकाशन के लिए अपने संदेश भेजें या मेल करें -**
**संपादक, परिष्कार पत्रिका,**
रजि. कार्यालय : प्लाट नं. 89, संतोषनगर, अजमेर रोड़, जयपुर-6
ब्रांच ऑफिस : शॉप नं 2, प्लाट नं 36 भैरव नगर, ईएसआई के पास, हटवाड़ा रोड़, जयपुर-06 मो : 9314407796, 9351311820
GMail : parishkarpatrika@gmail.com
अधिक खबरों के लिए परिष्कार पत्रिका की वेबसाइट पर देखें
www.parishkarpatrika.com






## सम्पादकीय

**सभी सम्मानीय पाठकों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं।**

हम सभी अपने-अपने भविष्य को बेहतर बनाने का सपना देखते है ओर प्रयास भी करते है लेकिन सही फायदा हमें तब मिलता है जब हम अच्छे भविष्य के लिए लक्ष्य निर्धारित कर उसपर योजनाबद्ध तरीके से आज से कार्य करना शुरू करे। जिस प्रकार एक पेड का बीज लगाने पर उसे सभी प्रकार की मुसीबतो बारिश, तुफान व जानवरों का खतरा से बचाकर उसकी सही देखभाल करते हुए उसके खाद्य पानी की आवश्यकताओं को पुरा कर उसका निरंतर ध्यान रखते है। तब जाकर एक निर्धारित समय के बाद उस पेड की छाया व फलो का आनंद लेते है। इसी प्रकार हमें अपने लक्ष्य को निर्धारित कर उसके लिए आवश्यक जानकारी, साधन और सही मार्गदर्शक की व्यवस्था करने के बाद उसके रास्ते की हर कठिनाई, रूकावटों को दूर करते हुए निरंतर मेहनत करते है। तब जाकर हम लम्बे समय के बाद लक्ष्य को हासिल करते है और महसूस करते है कि हमें आज लक्ष्य का लाभ होने लगा है। इसलिए कहा है कि आज की मेहनत ही हमारा भविष्य निर्धारित करेगी जो आज मेहनत करेगा वही कल बेहतरीन भविष्य के साथ जीवन गुजरेगा।

जिस प्रकार फूल केवल अपनी खुशबू से महकते है, उसे किसी इत्र की आवश्यकता नहीं होती, लेकिन उसकी महक केवल जिस ओर वायु जा रही उस ओर ही ले जाती हैं और वह भी एक सीमित अवधि के बाद महक धीरे-धीरे खत्म हो जाती है, लेकिन किसी व्यक्ति की पहचान उसके अच्छे चरित्र कार्यों, योग्यता, बुद्धि, संस्कार, गुणों व विनम्रता से बनती है। और यही पहचान स्थाई रूप से स्थापित होती है। यह पहचान लम्बे समय तक बनी रहेगी और यदि किसी व्यक्ति के व्यक्तित्व का लोगों पर प्रभाव डालने में कामयाब हो जाता है जैसे बाबा साहब, मिशाइल मेन एपीजे अब्दुल कलाम साहब का था, तो उस व्यक्ति के जीवन के बाद भी उसके व्यक्तित्व की महक चारों दिशाओं महकती रहेगी, इसीलिए हमें अपनी पहचान हमारे अच्छे संस्कार, चरित्र, आचरण, व्यवहार और सामाजिक कार्य से बनानी चाहिए लेकिन यदि हमने झूठे आवरण, स्वयं प्रशंसा, दिखावे द्वारा अपनी पहचान बनाई तो जिस प्रकार कागज के फुलों पर इ?त्र की खुशबू थोड़े समय के लिए रहती है ऐसे ही हमारी असलियत भी जल्दी सामने आ जाएेगी। इसीलिए कहा है कि इत्र और चरित्र किसी पहचान के मोहताज नहीं होते वह खुद एक पहचान बन जाते है।

**जय हिन्द। जय भारत।।**

## गरबा रास व डांडिया महोत्सव के रंग रावण दहन व भजनों के संग



परिष्कार पत्रिका

**जयपुर।** वाटिका रोड स्थित डायमंड डीवा समूह की युवतियों व आशादीप ग्रींस कॉलोनी वासियों द्वारा दशहरा अवसर पर गरबा, डांडिया कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इस सुअवसर पर गणेश वंदना के उपरांत दुर्गा पूजा-अर्चना के बाद रंग-बिरंगी वेशभूषा व आकर्षक परिधानों में, युवाओं ने भाग लिया। पारंपरिक लोक गीतों, भजनों व नृत्य-गान के संग, डांडिया, गरबा रास महोत्सव के अंतर्गत महाआरती का आयोजन किया गया व डांडिया खनकाए। इस दौरान मनोहारी, सुंदर, एकल व युगल नृत्य तथा आकर्षक वेशभूषा धारियों को पुरस्कृत किया गया व अल्पाहार व प्रसाद वितरण किया गया।

इस मौके पर प्रो डॉ राजीव सक्सेना, बाल किशन, ऋषी, अशोक, संगीता सक्सेना, सुमित्रा, ऋचा, पुनीत, हितेश, आभा, रागिनी, नीता, अमित, दिव्या, अन्नू, ममता, रामकिशन, प्रेमसिंह, गीता, जयोति, शैली, मोहित, सपना, तनु, अनुज, भावना व मीमांसा आदि की उपस्थिति सराहनीय रही।

## महात्मा गांधी राजभवन स्कूल के छात्र आशीष मिश्रा ने जीता गोल्ड मेडल

परिष्कार पत्रिका



**जयपुर।** वर्गो संस्था की ओर से चल रहे क्विज प्रतियोगिता अभियान के तहत महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय राजभवन जयपुर में सुनील जैन ने हास्य कॉमेडी के माध्यम से छात्रों से वर्ग पहेलियां जैसे कौनसा पत्ता है/जो पेड़ पर नहीं उगता है। जैसी कई पहेलियां पूछी गई। उपस्थित छात्र-छात्राओं में से कक्षा 7 के आशीष मिश्रा ने अधिकांश पहेलियों का सही उत्तर बताकर गोल्ड मेडल जीता। प्रधानाचार्य द्वारा विजेता छात्र-छात्राओं को गोल्ड मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया।

## लक्ष्मण डूंगरी राजकीय विद्यालय में अंग्रेजी विषय वर्ड चेन अंताक्षरी कराई

परिष्कार पत्रिका



**जयपुर।** राजकीय माध्यमिक विद्यालय लक्ष्मण डूंगरी में दूसरी कक्षा से पांचवी तक विद्यार्थियों को समाज सेवी सुनील जैन अंग्रेजी विषय से संबंधित वर्ड चैन अंताक्षरी करवाई। बच्चों को दो भागों में बांटकर उनको एक शब्द दिया, शब्द के आखिरी वर्ग से दूसरे बच्चों ने नया शब्द बनाया। अध्यापिका भुवनेश्वरी शर्मा ने कहा कि इस तरह की गतिविधि से बच्चों का मानसिक विकास और बौद्धिक विकास के लिए जरूरी है। इस अवसर पर मंजू गुप्ता चांद कंवर ने सभी विजेताओं को आशीर्वाद देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की

## अजमेर के विकसित होने की शुरूआत शीघ्र होगा अग्रणी शहरों की कतार में

### विधानसभा अध्यक्ष ने किया सड़क निर्माण कार्यो का शुभारंभ

परिष्कार पत्रिका

**जयपुर।** विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि राज्य सरकार के पहले बजट में अजमेर जिले को 1500 करोड़ रूपए के विकास कार्यो की सौगातें मिली है। अजमेर के विकसित होने की शुरूआत हो गई है। शीघ्र ही अजमेर अग्रणी शहरों की कतार में होगा। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने विभिन्न सड़क विकास कार्यों का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि अजमेर में तीन रिजर्वायर बनाने के लिए 270 करोड़ रूपये की राशि स्वीकृत हुई है। भूमि आवंटन भी किया गया है। बीसलपुर बांध से निर्भरता कम करने के लिए पहली बार फॉयसागर झील का पानी पेयजल के लिए उपलब्ध हुआ। यहां से 405 एमएलडी पानी लेने के लिए एक करोड़ की राशि उपलब्ध करवाई गई है। इसी प्रकार अजमेर शहर के पारम्परिक जल स्त्रोतों 22 बावडियों का चिन्हीकरण कर पानी फिल्टर प्लांट तक लाया जाएगा। बिसलपुर बांध से पानी की आवक बढ़ाने के लिए इण्टेक वेल भी बनाया जाएगा। इससे अजमेर को 7 टीएमसी तक पानी उपलब्ध होगा। ईआरसीपी परियोजना से फॉयसागर को जोड़ने से हमेशा पानी भरा रहेगा। जलदाय विभाग के पम्पिंग स्टेशनों पर निर्बाध विद्युत आपूर्ति क लिए अतिरिक्त फिडर से जोड़ने के लिए भी पर्याप्त राशि स्वीकृत की गई है। उन्होंने कहा कि अजमेर में आयुर्वेद विश्वविद्यालय भी खुलेगा। इसके लिए भूमि आवंटन की प्रक्रिया जारी है। एम्स के स्तर की चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए वर्तमान टीबी अस्पताल भवन में सुपर स्पेशियलिटी ब्लॉक बनाया जाएगा। कोटड़ा में भी सैटेलाईट चिकित्सालय बनेगा। उन्होंने कहा कि पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए अजयसर में लेपर्ड सफारी विकसित की जाएगी। यहां तक सुगम पहुंच सुनिश्चित करने के लिए चामुण्डा माता मन्दिर तक रोपे वे बनाया जाएगा। म्यूजियम बनने से भी पर्यटन में वृद्धि होगी। यातायात को पर्यावरण हितैषी बनाने के लिए 50 इलेक्ट्रीक बसें चलाई जाएगी। इसी प्रकार एथेलेटिक एकेडमी और स्पोर्ट्स कॉलेज आरम्भ होने से खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। रोजगार बढ़ाने के लिए आईटी पार्क की स्थापना होगी। इसके लिए भूमि आवंटन किया जा चुका है। रोडवेज बस स्टेण्ड भी 40 करोड़ की लागत से नया बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि अजमेर के विकास की गति अनवरत बनी रहेगी। पहले बजट में ही 1500 करोड़ से अधिक की सौगातें मिली है।

## यूनिवर्सिटी डी सावोई मोंट-ब्लेक, फ्रांस के प्रो क्रिश्चियन रूयर-क्विल ने एमएनआईटी जयपुर में दो विशेष व्याख्यान दिए

# एमएनआईटी जयपुर के गणित विभाग में दो दिवसीय विशेषज्ञ व्याख्यान श्रृंखला का आयोजन

परिष्कार पत्रिका

**जयपुर।** एमएनआईटी जयपुर के गणित विभाग ने इस दो दिवसीय विशेषज्ञ व्याख्यान श्रृंखला का आयोजन किया गया। जिसमें यूनिवर्सिटी डी सावोई मोंट-ब्लैंक फ्रांस के प्रो क्रिश्चियन रूयर-क्विल ने भाग लिया। ये व्याख्यान 17 और 18 अक्टूबर 2024 को नीति सभागार प्रभा भवन एमएनआईटी जयपुर में आयोजित हुए।

प्रो रूयर-क्विल जो लेबोरेटोयर डी ऑप्टिमाइजेशन, डे कॉन्सेप्शन एट डी इंजीनियरी डे ल एनवायरनमेंट के एक प्रसिद्ध शोधकर्ता हैं, ने संतृप्त पोरस-द्रव इंटरफेस पर द्रव्यमान और गति परिवहन विषय पर एक व्याख्यान दिया। उनकी प्रस्तुतियों में तरल पदार्थ और छिद्रपूर्ण माध्यम के बीच जटिल अंतःक्रियाओं को शामिल किया गया था, जो जल विज्ञान, पर्यावरण इंजीनियरिंग और भौतिक विज्ञान जैसे क्षेत्रों में अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। उपस्थित लोग इस अंतःविषय क्षेत्र में नवीनतम गणितीय मॉडल और शोध विकास से परिचित हुए। दूसरे दिन की बातचीत गिरती तरल फिल्में कम-आयामी मॉडलिंग तकनीकों का अनुप्रयोग विषय पर केंद्रित थी। इसमें देखा गया कि अक्सर लहरदार सब्सट्रेट पर प्रदर्शित होने वाली गिरती तरल फिल्में लंबी सतह तरंगों के उद्भव की विशेषता होती हैं, जो प्रवाह की गतिशीलता को प्रभावित करती हैं। इन फिल्मों की लंबी-तरंग प्रकृति के कारण, इन्हें क्रॉस-स्ट्रीम निर्देशांक को समाप्त करके मॉडल में कमी के लिए उपयुक्त माना जाता है। इस प्रणाली के लिए नेवियर-स्टोक्स समीकरण को सरल बनाने हेतु विभिन्न तकनीकों का प्रस्ताव किया गया। समीक्षा में



लंबी-तरंग विस्तार, इंटीग्रल बाउंड्री-लेयर औसत, भारित अवशिष्ट विधि और केंद्र मैनिफोल्ड विश्लेषण जैसी विधियों की चर्चा की गई, जिसमें इन तकनीकों और उनकी सीमाओं के बीच संबंधों को समझाने पर जोर दिया गया। द्रव यांत्रिकी में अपने व्यापक अनुभव के साथ, प्रो रूयर क्विल को द्रव गतिकी में उनके महत्वपूर्ण योगदानों के लिए मान्यता प्राप्त है। एमएनआईटी जयपुर में उनके व्याख्यानों ने छात्रों, शोधकर्ताओं और पेशेवरों को अनुप्रयुक्त गणित और संबंधित क्षेत्रों में अपने ज्ञान को गहरा करने का एक मूल्यवान अवसर प्रदान किया। इस विशेषज्ञ वार्ता की सफलता विभागाध्यक्ष डॉ संतोष चौधरी और गणित विभाग के सभी संकाय सदस्यों के प्रयासों के कारण थी, जिसमें डॉ संजय भट्टर डॉ रितु अग्रवाल, डॉ वरुण जिंदल, डॉ ओम पी सुथार, डॉ कुशल शर्मा, डॉ अनुभा जिंदल, डॉ प्रियंका हरजुले और डॉ गीतांजलि चट्टोपाध्याय शामिल थे।

## पब्लिक रिलेशंस और कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन में नए आयाम और अवसर विषय पर विशेष सेमिनार का आयोजन

परिष्कार पत्रिका

**जयपुर।** आईआईएस डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी जयपुर के डिपार्टमेंट ऑफ जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन और पब्लिक रिलेशन सोसाइटी ऑफ इंडिया पीआरएसआई जयपुर चैप्टर के संयुक्त तत्वाधान में पब्लिक रिलेशंस और कॉर्पोरेट कम्युनिकेशंस में नए आयाम और अवसर विषय पर एक विशेष सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार की शुरूआत रजिस्ट्रार राखी गुप्ता ने अतिथियों के साथ दीप प्रज्वलन कर की। सेमिनार में वक्ताओं ने पब्लिक रिलेशंस और कॉर्पोरेट कम्युनिकेशंस के क्षेत्र में बदलते रुझानों और संभावनाओं पर प्रकाश डाला। विशिष्ट वक्ता फारूक अफरीदी ने बताया कि उन्होंने अपने करियर की शुरूआत पत्रकारिता से कर डीआईपीआर के माध्यम से जनसंपर्क के क्षेत्र में तमाम बड़े पदों पर कार्य किया। महात्मा गांधी यूनिवर्सिटी ऑफ मेडिकल साइंस एंड टेक्नोलॉजी के मार्केटिंग एंड



पीआर के डायरेक्टर वीरेंद्र पारीक ने अपने मार्केटिंग और पीआर के कार्यक्षेत्र के बारे में बताते हुए कहा कि राजस्थान के पहले मुख्यमंत्री हीरालाल शास्त्री ने महिला शिक्षा को आगे बढ़ाने के विजन के लिए ऐसे विश्वविद्यालय की कल्पना की थी। यह विश्वविद्यालय उनके विजन को आगे बढ़ा रहा है। इनके अलावा अन्य वक्ता एआईआर जयपुर के स्टेट कॉरस्पॉन्डेंट डॉ जितेंद्र द्विवेदी, आरएससीडीआर सी सदस्य राम फूल गुर्जर, पीआरएसआई सदस्य आशीष बक्शी, कविता जोशी ने भी जनसंपर्क और कार्पोरेट कम्युनिकेशंस में छात्राओं के करियर पर प्रकाश डाला। सेमिनार में कार्यक्रम संयोजक रूचि गोस्वामी, बीए-जेएमसी हेड साक्षी आर्या, प्रो अदिति पारीक, डॉ आशा सक्सेना, प्रो इला जोशी, प्रो केएस शर्मा आदि मौजूद रहे।

### राष्ट्रवादियों और साहित्य का महाकुम्भ

## जयपुर डायलॉग 2024 का आगाज 25 अक्टूबर से

**राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े करेंगे शुभारंभ**
**70 से अधिक वक्ता श्रोताओं से होंगे रूबरू**
**कला, शिक्षा, साहित्य, राजनीति, राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय मुद्दों को करेंगे जीवंत**




परिष्कार पत्रिका

**जयपुर।** परिष्कार न्यूज जयपुर। देश की धार्मिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक धरोहर जयपुर शहर में जयपुर डायलॉग्स-2024 का नवां तीन दिवसीय वार्षिक सम्मेलन 25 अक्टूबर से जेएलएन मार्ग स्थित होटल क्लार्क आमेर में होगा।

25 अक्टूबर को राज्यपाल हरिभाऊ बागडे दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे। आयोजन में देश-विदेश के गणमान्यजन, शिक्षक,साहित्यकार, ब्यूरोक्रेट्स शोधार्थी, विद्यार्थी और युवा वर्ग विशेष रूप से शामिल होंगे। साहित्यक आयोजन के प्रतिष्ठित मंच जयपुर डायलॉंग-2024 के नवें संस्करण में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त अनेक साहित्यकार, विचारक, आलोचक विषय विशेषज्ञ, विर्लेषक और टिप्पणीकार विभिन्न विषयों पर खुलकर संवाद करेंगे। जयपुर डायलॉग फोरम के चेयरमैन संजय दीति ने पत्रकारों को बताया कि यह एक प्रकार का वैचारिक स्वतंत्रता का आयोजन हैं। इस बार के सम्मेलन की थीम भारत की पुर्नप्राप्ति होगी। साहित्य का कुंभ कहे जाने वाले तीन दिवसीय इस आयोजन में देश में चल रही एक ही तरह की विचारधारा से अलग हटकर वैचारिक स्वतंत्रता और राष्ट्रवाद को एक अलग तरह से रेखांकित करना ही इसका उद्देश्य है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान कायम कर चुका जयपुर डायलॉग का यह वार्षिक आयोजन अब डिजिटल फुटप्रिंट पर भी हैं। यही नहीं इस आयोजन ने अन्य बड़े कहे जाने वाले आयोजनों से डिजिटल जगत में 100 गुना ज्यादा पहुंच बनाई है। दीक्षित ने बताथा कि राष्ट्रवादियों के इस महाआयोजन राष्ट्रीय विचारक आनंद रंगनाथन, अश्वनी उपाध्याय, बीडी मूंदड़ा, कर्नेल आरएन सिंह, कर्नल हनी बक्शी, अंबर जैदी, अजय छुंगरू, अभिषेक तिवारी, पं. सतीश शर्मा, आनंद नरसिम्हन, सी के राजू, अविनाश धर्माधिकारी, स्वरूप संपत, सुशांत सरीन, अभिजीत चानडा, तुहीन सिन्हा, यूसुफ उंझावाला, एड विष्णु शंकर जैन, भरत गुप्त और अंकित शाह जैसे अनेक विचारक और विषय विशेषज्ञ शिरकत करेंगे। जयपुर डायलॉग के अध्यक्ष सुनील कोठारी, सचिव पंकज जोशी और डायरेक्टर विष्णु बियानी ने बताया कि कोरोना काल में लगातार 2साल तक आयोजन से श्रोता अतिथियों से भौतिक रूप से रूबरू नहीं हो पाये थे। इस दौरान जयपुर डायलॉग वर्चुअल आयोजित किया गया था। कोठारी ने बताया कि विकास और विनाश में विचारों का बड़ा महत्व है। विचारों को पतवार देने तथा विकास की यात्रा को आगे बढ़ाने की सोच पर आधारित इस आयोजन में कई नए आयाम जुड़ने जा रहे है। संस्था के चीफ ऑपरेटिंग ऑफीसर प्रकाश टेकवानी, संयुक्त सचिव राजकुमार शर्मा व प्रबंध समिति के सदस्य जय शर्मा ने भी इस आयोजन को लेकर विभिनन पहलुओं पर जानकारी दी। इस कड़ी में अब वर्ष 2024 में जयपुर डायलॉग का आयोजन 25, 26 और 27 अक्टूबर को होटल क्लार्क आमेर में किया जाएगा।

## नैत्रहीन कलाकारों ने अपनी आवाज से श्रोताओं के दिल को छुआ

परिष्कार पत्रिका



**जयपुर।** निःशक्तजन कल्याण परिषद के द्वारा प्रसिद्ध संगीत सम्राट रविन्द्र जैन की पुण्य तिथि पर एक शाम रविन्द्र जैन के नाम संगीत समारोह जनोपयोगी भवन शास्त्री नगर जयपुर में रखा गया। निःशक्तजन कल्याण परिषद के प्रदेश महामंत्री राजेश कुमार वर्मा ने बताया कि इस समारोह में देश के कौने-कौने से नेत्रहीन कलाकारों ने शिरकत कर अपनी प्रस्तुतियों से श्रोंताओं के दिल को छुआ। समारोह के मुख्य अतिथि डॉ गोपाल शर्मा विद्यायक सिविल लाईन विशिष्ट अतिथि महंत सत्यप्रकाश शर्मा कबीर पंथी एवं महंत प्रदीप शर्मा बालाजी धाम वैधवाटिका सोडाला थे। समारोह में निर्णायक गणों में डॉ प्रतिष्ठा पारीक, चन्द्रप्रकाश श्रीवास्तव नेत्रहीन कल्याण संघ गणगौरी बाजारा एवं गुलाम फरीद भाई म्यूजिक डायरेक्टर थे।

समारोह में मुख्य अतिथि गोपाल शर्मा ने संगीत सम्राट रविन्द्र जैन के जीवन की कई रहस्यमयी बातें बताई। उन्होंने बताया रविन्द्र जैन उपराष्ट्रपति भैरों सिंह शेखावत के स्वर्गवास के समय ग्यारहवें के कीर्तन करने जयपुर पधारे थे। संगीत समारोह में प्रथम स्थान सुनील शर्मा, द्वितीय आकांक्षा एवं तृतीय स्थान पर जोधपुर के पंकज टेलर रहे। तीनों को नगद पुरस्कार से नवाजा गया।

## डिजाइन एवं उद्यमिता के लिए क्षमता निर्माण सीबीडीई परियोजना का उद्घाटन




परिष्कार पत्रिका

**जयपुर।** डिजाइन एवं उद्यमिता के लिए क्षमता निर्माण सीबीडीई परियोजना का उद्घाटन एमआईआईसी, एमएनआईटी जयपुर में हुआ, जो नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देने में एमएनआईटी जयपुर के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। इस कार्यक्रम में एमएनआईटी जयपुर के निदेशक प्रोफेसर एनपी पाढ़ी और एम आई आई सी प्रमुख प्रोफेसर मोनिका शर्मा सहित कई प्रतिष्ठित गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। साथ ही उनके साथ जाने-माने मार्गदर्शक जयदेव पार्थसारथी, परेश गुप्ता और मधुप बंसल भी मौजूद थे।

मेजबान डॉ संजय गौर, वरिष्ठ परिचालन प्रबंधक, एमआईआईसी ने डीनए प्रमुखोंए संकाय सदस्यों और सभी अतिथियों का गर्मजोशी से स्वागत किया और विभिन्न पहलों के माध्यम से उद्यमिता को बढ़ावा देने के एमआईआईसी के मिशन पर प्रकाश डाला। विशेष रूप से एमआईआईसी ने 219 से अधिक कार्यक्रम आयोजित किए हैं, जिनमें 23,000 से अधिक प्रतिभागियों को लाभ मिला है और 126 स्टार्टअप का समर्थन किया है, जो एक जीवंत स्टार्टअप इकोसिस्टम बनाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है।

कार्यक्रम का एक यादगार क्षण एमआईआईसी कॉफी टेबल बुक का विमोचन था, जिसमें 18 चयनित स्टार्टअप की उद्यमशीलता की यात्रा को प्रदर्शित किया गया। जो एक प्रमुख आकर्षण था। यह पुस्तक नवाचार की भावना का प्रतीक है और इसका आधिकारिक रूप से एमएनआईटी के निदेशक प्रो एनपी पाढ़ी ने मंच पर गणमान्य व्यक्तियों के साथ विमोचन किया।

सीबीडीई परियोजना की एम आई आई सी प्रमुख और सीओपीआई प्रो मोनिका शर्मा ने उपस्थित प्रतिष्ठित लोगों को सीबीडीई परियोजना के लक्ष्यों और उद्देश्यों से अवगत कराया। इसके बाद विशेषज्ञ सलाहकारों ने अपनी अंतर्दृष्टि साझा की। जयदेव पार्थसारथी ने मेंटरशिप के महत्व पर जोर दिया। प्रो पाढ़ी ने महत्वाकांक्षी उद्यमियों को समर्थन देने के लिए एमएनआईटी की प्रतिबद्धता को मजबूत किया। उन्होंने एक ऐसा पारिस्थितिकी तंत्र प्रदान करने में संस्थान की भूमिका पर जोर दिया, जहां छात्र स्वतंत्र रूप से नवीन विचारों का पता लगा सकते हैं, उद्यमशीलता की मानसिकता विकसित कर सकते हैं और अपने विचारों को व्यवहार्य उद्यमों में बदलने के लिए मार्गदर्शन और संसाधनों तक पहुंच सकते हैं। प्रो पाढी ने अंतर-विषयी सहयोग और संकाय के निरंतर विकास के महत्व पर भी प्रकाश डाला ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि वे छात्रों को उनकी उद्यमशीलता की यात्रा के दौरान प्रभावी ढंग से मार्गदर्शन कर सके। यह संबोधन एक ऐसे कार्यक्रम के प्रेरक अंत के रूप में कार्य करता है, जिसने छात्रों और संकाय दोनों के बीच नवाचार, डिजाइन सोच और स्टार्टअप संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए एमएनआईटी जयपुर के समर्पण को रेखांकित किया। सीबीडीई परियोजना उद्घाटन ने न केवल एक महत्वपूर्ण पहल के शुभारंभ का जश्न मनाया बल्कि एमएनआईटी जयपुर समुदाय के भीतर सहयोग और नवाचार को भी बढ़ावा दिया।

# दीपावली के पावन पर्व पर हार्दिक शुभकामनाएं



# परिष्कार पत्रिका परिवार

रजि. कार्यालयः 89, संतोष नगर, अजमेर रोड़, जयपुर 302006 राजस्थान मो. 9314407796, 9351311820
शाखा कार्यालय : शॉप नं. 2, प्लाट नं.36, भैरव नगर, हटवाड़ा रोड़, जयपुर [राजस्थान] मो. नं. 8561888504, 6350176413


## परिष्कार मैरिज ब्यूरो

### वधु चाहिए

आवश्यकता है 27 वर्षीय एमए पास प्राइवेट बैंक में कार्यरत लड़के के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। गोत्रः खटक, डाबला, कायथ। पो.बा. नं. 407, सम्पर्क करें 9314407796

------------

आवश्यकता है 27 वर्षीय बीए एलएल बी पास लड़के के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। गोत्रः अटकाण, पचेरवाल, गहलोत। पो.बा. नं. 406, सम्पर्क करें 9314407796

------------

आवश्यकता है 25 वर्षीय 12वीं पास लड़के के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। गोत्रः किरार, मोरवाल, डाबला। पो.बा. नं. 395, सम्पर्क करें 9314407796

------------

आवश्यकता है 27 वर्षीय बीकॉम पास लड़के के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। गोत्रः निर्वाण, मौर्या, कायथ। पो.बा. नं. 404, सम्पर्क करें 9314407796

------------

आवश्यकता है 30 वर्षीय स्नातक पास लड़के के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। गोत्रः सीलण, खर्रा, बमणिया। पो.बा. नं. 402, सम्पर्क करें 9314407796

आवश्यकता है देवली में स्वयं की ई-मित्र शॉप एवं गिफ्टिंग वर्क इन मेटल मार्किंग मशीन 29 वर्षीय एमकॉम लड़के के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। गोत्रः गहलोत, खर्रा, कायत। पो.बा. 601/24, सम्पर्क करें 9314407796 या 9928428368 देखें वेब साईट www. siddscreation.com

------------

आवश्यकता है दिल्ली में कार्यरत 34वर्षीय बीए एलएलबी एडवोकेट लड़के के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। गोत्रः डाबला, मोरवाल, सोलंकी। पो.बा. 513 ए, सम्पर्क करें 9314407796

------------

आवश्यकता है जोधपुर हाईकोर्ट में कार्यरत 32 वर्षीय बीए एलएलबी एडवोकेट लड़के के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। गोत्रः डाबला, मोरवाल, सोलंकी। पो.बा. 513 बी, सम्पर्क करें 9314407796 ------------

आवश्यकता है 25 वर्षीय एमए लड़के के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। गोत्रः डाबला, किराड़, निर्वाण। पो.बा.509, सम्पर्क करें 9314407796 ---------

आवश्यकता है 24 वर्षीय बीए लड़के के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। गोत्रः फरण्ड, कायथ, निर्वाण। पो.बा. 507, सम्पर्क करें 9314407796

### वर चाहिए

आवश्यकता है 25 वर्षीय, एग्रीचल्चर साईंटिस्ट लड़की के लिए नौकरी या स्व रोजगार करने वाले लड़के की। गोत्रः कायथ, लुगरिया, मावर। पो.बॉ. 525, सम्पर्क करें 9314407796

------------

आवश्यकता है 24 वर्षीय, बीए, एम ए लड़की के लिए नौकरी या स्व रोजगार करने वाले लड़के की। गोत्रः किराड़, इन्दौरा, दैराण। पो.बॉ. 373, सम्पर्क करें 9314407796

------------

आवश्यकता है 25 वर्षीय, बीए, लड़की के लिए नौकरी या स्व रोजगार करने वाले लड़के की। गोत्रः मावर, डाबला, गहलोत। पो.बॉ. 376, सम्पर्क करें 9314407796

------------

आवश्यकता है 22 वर्षीय, बीए टीचर की तैयारी लड़की के लिए नौकरी या स्व रोजगार करने वाले लड़के की। गोत्रः लुगरिया, डाबला, निवार्ण। पो.बॉ. 359, सम्पर्क करें 9314407796

------------

आवश्यकता है 22 वर्षीय, बीए, प्राइवेट जॉब लड़की के लिए नौकरी या स्व रोजगार करने वाले लड़के की। गोत्रः मावर, सीलण, होटला, पो. बा. 262, सम्पर्क करें 9314407796,

आवश्यकता है 25 वर्षीय, एमकॉमपास लड़की के लिए नौकरी या स्व रोजगार करने वाले लड़के की। गोत्रः खनगवाल, मोरवाल, तुर्किया, इन्दौरा। पो.बॉ. 510, सम्पर्क करें 9314407796

------------

आवश्यकता है 21 वर्षीय, बीए पास लड़की के लिए नौकरी या स्व रोजगार करने वाले लड़के की। गोत्रः इन्दौरा, कटारिया, लुगरिया। पो.बॉ. 508, सम्पर्क करें 9314407796

------------

आवश्यकता है 25 वर्षीय, बीए पास लड़की के लिए नौकरी या स्व रोजगार करने वाले लड़के की। गोत्रः लुगरिया, मावर, डाबला, अटकाण। पो.बॉ. 398 , सम्पर्क करें 9314407796

------------

आवश्यकता है 32 वर्षीय, बीए लड़की के लिए नौकरी या स्व रोजगार करने वाले लड़के की। गोत्रः किरार, डाबला, सीलन पो.बॉ. बी-1 एफ, सम्पर्क करें 9314407796

------------

आवश्यकता है 23 वर्षीय, बीएससी लड़की के लिए नौकरी या स्व रोजगार करने वाले लड़के की। गोत्रः निर्वाण, बावलिया, खर्रा पो.बॉ. बी-2 एफ, सम्पर्क करें 9314407796

# इमानुएल मिशन स्कूल में एनुअल स्पोटर्स मीट का रंगारंग कार्यक्रम के साथ शुभारंभ हुआ





परिष्कार पत्रिका

जयपुर। इमानुएल मिशन सीनियर सेकेंडरी स्कूल झोटवाड़ा में एनुअल स्पोर्ट्स मीट 2024 का रंगारंग कार्यक्रम के साथ शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत स्कूल के निदेशक फादर डॉक्टर जॉन मैथ्यू और निदेशक रोसम्मा जॉन ने ध्वजारोहण करके कार्यक्रम की शुरुआत की। विशिष्ट अतिथि केएम समायल ने मशाल जलाकर कार्यक्रम को आगे बढ़ाया। सभी हाउस के बच्चों ने बैंड बाजे की मधुर स्वर लहरियों पर मार्च पास्ट किया। विद्यालय की प्रिंसिपल ने बच्चों को खेल की भावना से खेलने की सलाह दी।

इस अवसर पर बच्चों को खेल भावना से खेलने को बरकरार रखने के लिए शपथ दिलाई गई। स्पोर्ट्स मीट की शुरुआत की घोषणा स्कूल के निदेशक डॉक्टर जॉन मैथ्यू ने की। बच्चों के द्वारा सुंदर और शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर शुभंकर जंबो ने सभी विद्यार्थियों और अध्यापकों का दिल जीत लिया। बच्चों ने उत्साह और उल्लास के साथ स्वागत किया। कार्यक्रम के अंत में निदेशक फादर डॉ जॉन मैथ्यू ने सभी विद्यार्थियों और अध्यापकों को स्पोर्ट्स वीक की शुभकामनाएं देते हुए खेलों को खेल की भावना से खेलने के लिए निर्देशित किया और सभी का आभार प्रकट किया।




### जय मां सरस्वती विद्यालय ने किया प्राइवेट कंपनियों से टाईअप, देंगे जरूरतमंदों को नौकरी

# 10वीं और 12वीं की परीक्षा के बाद विद्यार्थी आगे की पढ़ाई के लिए कर सकेंगे पॉकेटमनी का इंतजाम

परिष्कार पत्रिका

जयपुर। जय मां सरस्वती विद्यापीठ सी सै विद्यालय के निदेशक संजय सैनी ने बताया कि विद्यालय ने प्राइवेट कंपनी और एनजीओं के माध्यम से इस वर्ष से कक्षा 10वीं और 12वीं के विद्यार्थियों के लिए योजना तैयार की है कि जो भी विद्यार्थी अपनी परीक्षा पास करने बाद आगे की पढ़ाई के लिए पार्ट टाइम या फुल टाईम नौकरी करना चाहता है तो उसके लिए विद्यालय प्रशासन उसे उसकी योग्यतानुसार नौकरी के विकल्प उपलब्ध कराएगा। ये प्राईवेट कंपनियां उन्हें सभी सुविधाओं के साथ ट्रेनिंग देकर जॉब की सुविधाएं उपलब्ध कराएंगी। संजय सैनी ने बताया कि इससे जो निर्धन परिवारों के बच्चें जिन्हें पढ़ने के साथ-साथ नौकरी की चिंता रहती है वे अपने घरों की आर्थिक स्थिति को मजबूत करेंगे ही साथ वे अपनी शिक्षा को आगे स्वयं के कमाई से जारी रख सकेंगे। उन्होंने बताया कि यह व्यवस्था इसी वर्ष लागू रहेंगी। उन्होंने इस नेक कार्य से जुड़े सभी लोगों को शुभकामनाएं दी।

# कैथलीनों आई फाउंडेशन से माईकल कैथलीनो ने एंजिल नाईट अवार्ड का आयोजन किया





परिष्कार पत्रिका

जयपुर। कैथलीनों आई फाउडेशन के संस्थापक अध्यक्ष माईकल कैस्टेलीनों ने अपने 88वें जन्मदिन के अवसर पर एंजिल नाइट अवार्ड और धन्यवाद भोज का आयोजन किया। इस अवसर पर उन्होंने अपने को प्रोत्साहित करने वाले सभी गणमान्यों को स्मृति चिन्ह और उपहार देकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बिशप जोसफ कल्लारकल, आशुतोष पेडनाइकर, सुधिर माथुर, फादर रेमंड कोल्हो, सेंट एंसलम विद्यालय के प्रिंसिपल फार लारेंस उपस्थित थे। सेंट जेवियर्स वोकेशनल स्कूल इंसटीट्यूट के हॉल में आयोजित कार्यक्रम में सभी अतिथियों ने 88 वर्ष होने पर और उनके द्वारा किए जाने वाले रचनात्मक कार्यों के लिए प्रशंसा करते हुए शुभकामनाएं प्रेषित की। इस अवसर पर परिष्कार पत्रिका से निदेशक श्रवण सिंह किरार और प्रधान संपादक हेमलता किरार, डेंजिल नाजरथ ने भी पुष्पगुच्छ भेंट कर उनकी दीर्घआयु की कामना करते हुए शुभकामनाएं प्रेंषित की।

## क्यों बेहतर है जादू की झप्पी

### धैर्यशील सी-फाइबर कोशिकाओं का कमाल

परिष्कार पत्रिका

जयपुर। जहां कभी-कभी दवा भी बेअसर हो जाती है या उतनी कारगर नहीं रहती, वहां एक भरपूर आलिंगन ज्यादा बेहतर साबित होता है। सर्द मौसम को ही ले लीजिए, गर्म लिहाफ व हॉट टैबलेट की बजाए साथी को गले लगाने से ज्यादा राहत महसूस होती है। यहां तक कि सच्चे मन व स्नेह से परिपूर्ण हाथ लगाने से किसी का शारीरिक दर्द भी जाता रहता है। रेकी चिकित्साश् हिलिंग थेरेपी इसी प्रक्रिया पर आधारित है।

**रोक देती हैं दर्द का संकेत**

मुन्नाभाई की जादू की झप्पी के इसी रहस्य को तलाशने के प्रयास में स्वीडन के शोधकर्ताओं ने पता लगाया है कि त्वचा में एक ऐसी कोशिका मौजूद होती है, जो दर्द को गौण करने में खास भूमिका निभाती है। वैज्ञानिकों के मुताबिक मानव शरीर की त्वचा धैर्यशील कोशिकाओं से भरी होती है। चोट लगने, प्यार से स्पर्श करने या गले लगाने पर ये कोशिकाएं झनझना उठती है और अन्य कोशिकाएं के दर्द के संकेत को दिमाग के भावनात्मक संचार केन्द्र तक पहुंचने से रोककर अपना खुशी का संदेश भेजती है। इस पूरी प्रक्रिया में इंसान आनन्द की अनुभूति करता है। वैज्ञानिक इस कोशिका को प्लीजर फाइबर या सी फाइबर का नाम दे रहे हैं।

**जीव विज्ञान में जड़**

देखा जाता है कि बच्चे के गिरने पर माता-पिता तुरन्त उसे गले लगाते हैं या ब्रश चूसने को देतें हैं ताकि बच्चे को गिरने का दर्द महसूस न हो। प्रमुख शोधकर्ता प्रोफेसर फ्रेंन्सिस मैकग्लोन के अनुसार तापमान में उतार-चढ़ाव के कारण जब शरीर प्रभावित होता है और मनुष्य कष्ट महसूस करता है, तब त्वचा पर धीरे-धीरे ब्रश चलाने से आराम मिल सकता है। वैज्ञानिक यह दावा भी कर रहे हैं कि संकट की स्थिति में कंधे पर हाथ रखकर दिलासा देने के तार भी कहीं न कहीं छूने के जैव विज्ञान से जुड़े हैं।

**डेंजिल नाजरथ,**
**कॉर्डिनेटर परिष्कार पत्रिका**

## जाहिर सूचना

परिशिष्ट-बी- संख्यांक 1
जिला एवं संत्र न्यायालय इंदौर
चतुर्थ व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-1
इंदौर

**वाद के निपटारे के लिए सम्मन**

प्रेषिती : शरद कुमार
निवासी रंगोली गार्डन, जयपुर राज.
एमजेसी एसयूसी/171/2023
राहुल पंवार बनाम प्रेमलता पंवार

जयपुर। राहुल पंवार ने आपके विरूद्ध के लिए वाद संस्थित किया है। आपको इस न्यायालय में तारीख 27 नवम्बर 2024 को 10.30 बजे दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात हाजिर होने के लिए समन किया जाता है आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते हैं जिसे सम्यक अनुदेश दिए गए हो और जो इस याद से सम्बन्धित सभी सारखान् प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके। न्यायालय में आपकी उपसंजाति के लिए जो दिन नियत किया गया है वह इस वाद के अन्तिम निपटारे के लिए नियत दिन है। इसलिए आपको उस दिन अपने उन सब साक्षियों को या उन सब दस्तावेजों को पेश करने के लिए तैयार रहना चाहिए जिन पर आप अपनी प्रतिरक्षा के लिए निर्भर रहना चाहते हैं।

आपको सूचित किया जाता है कि आप ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जाएगा। यह आज तारीख 2024 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

जय कुमार जैन
चतुर्थ व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-1

## सैल्यूट द कलाम अवार्ड का आयोजन





परिष्कार पत्रिका

जयपुर। पद्मश्री और पूर्व राष्ट्रपति डॉ एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती के अवसर पर कैथलीनो आई फोउडेंशन के तत्वावधान में प्रताप नगर में निर्मला ऑडिटोरियम में विद्यालय के प्रधानाचार्य, अध्यापकों और विद्यार्थियो को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेंट जेवियर्स कॉलेज नेवटा के फादर एस जेवियर्स, विशिष्ट अतिथि फादर संगीथराज प्रिंसिपल सेंट जेवियर्स स्कूल नेवटा जयपुर ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। इस अवसर पर फाउंडेशन के अध्यक्ष माईकल कैस्टेलीनों ने बताया कि 100 से अधिक विद्यालयों में सैल्यूट टू कलाम मेगा निबंध प्रतियोगिता हुई। इस अवसर पर सुविनियर का विमोचन भी किया गया। इस अवसर पर माईकल कैस्टेलीनों को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से भी नवाजा गया।

### आवासन मंडल की परियोजनाओं में दीपोत्सव पर स्ट्रीट लाइटिंग की समुचित व्यवस्था हो सुनिश्चित : आवासन आयुक्त

# सड़क, पानी एवं बिजली की व्यस्थाएं तुरंत की जाए दुरस्त




परिष्कार पत्रिका

जयपुर। दीपोत्सव के अवसर पर प्रदेश भर में जारी आवासन मंडल की समस्त परियोजनाओं में स्ट्रीट लाइटिंग की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। यह कहना है आवासन आयुक्त डॉ रश्मि शर्मा का। डॉ रश्मि शर्मा ने यह बात आवासन मंडल मुख्यालय में आयोजित समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए कही। साथ ही उन्होंने कहा कि मण्डल प्रदेश के सभी अंचलों में आमजन को आवास देने के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है। उन्होनें कहा है कि परियोजनाओं का निर्माण कार्य शुरु होने से पहले ही सड़क, पानी, बिजली सहित अन्य व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने की प्रभावी कार्य योजना बनाई जायें। उन्होनें सख्त निर्देश दिये कि अधिकारी/अभियन्ता विकास कार्यो में गुणवत्तापूर्ण सामग्री का उपयोग सुनिश्चित करें। साथ ही टेस्टिंग लैब में खुद अपने समक्ष सेम्पलस की जांच करवाये। उन्होनें कहा कि निर्माण से आवंटन होने तक प्रत्येक प्रोजेक्ट में संवेदनशीलता से कार्य किया जाये। डॉ शर्मा ने उपयुक्त जमीनों को शीघ्र अवाप्त करने के निर्देश दिए ताकि मण्डल की आवासीय योजनाओं से सभी आमजन लाभान्वित हो सके। साथ ही उन्होंने कहा कि ऐसी संस्थागत संपत्तियों का चिन्हीकरण किया जाये जहाँ आवंटन पश्चात तय समय सीमा के अंदर निर्माण नहीं हुआ है, ऐसी संपत्तियों के निरस्तीकरण की प्रक्रिया तत्काल आरंभ की जाये।

**असीम आर्थिक संभावनाओं से लबरेज कोचिंग हब है देश का पहला अनूठा नवाचार : आवासन आयुक्त**

जयपुर के प्रताप नगर में बने वर्ल्ड क्लास कोचिंग हब के विकास कार्यो की मंडल आयुक्त डॉ रश्मि शर्मा लगातार सघन मॉनिटरिंग कर रही हैं। साथ ही कोचिंग संचालकों की ओर से आए सुझावों पर भी तीव्र गति से काम किया जा रहा है। आयुक्त डॉ रश्मि शर्मा ने हुई बैठक में कोचिंग हब के विकास कार्यों की समीक्षा भी की। जिसमें कोचिंग संचालकों के साथ बैठक में आए सुझावों पर अब तक हुए काम को लेकर समीक्षा की गई। साथ ही कोचिंग हब में आवंटियों और कोचिंग संस्थाओं के प्रतिनिधियों के साथ जल्द इंटरेक्शन मीट आयोजित करने के निर्देश दिए। इसी क्रम में आयुक्त ने अधिकारियों को सभी काम समय पर पूरा करने का टारगेट दिया। उन्होंने कहा की इस प्रोजेक्ट को बेहतर से और बेहतर बनाना मण्डल की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि अभियंता पूर्ण समर्पण एवं कर्तव्यनिष्ठा के साथ आवासों का निर्माण करें। वे निर्मित आवासों के विक्रय का लक्ष्य अविलम्ब प्राप्त कर आमजन को गुणवत्तापूर्ण आवास उपलब्ध कराएं। डॉ शर्मा ने मण्डल की आवासीय योजनाओं का प्रदेशभर में विस्तार करने के उद्देश्य से जिलों में भूमि चिन्हित एवं अवाप्त करने के प्रस्ताव मुख्यालय प्रेषित करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि अभियंता फील्ड में जाकर स्थानीय प्रशासन के सहयोग से शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जमीनों के प्रस्ताव तैयार करें। साथ ही, प्रीमियम प्रॉपर्टी के प्रस्ताव भी अविलम्ब तैयार किए जाए। साथ ही उन्होंने खाली मकानों के शीघ्र ऑक्शन करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने नवीन आवासीय योजनाओं के संबध में विस्तृत दिशा-निर्देश प्रदान किए। उन्होंने कहा कि अभियंता जमीन को अवाप्त करने से पहले कोस्ट बेनेफिट अध्ययन सुनिश्चित करें। डॉ शर्मा नेकहा कि मण्डल भूमि हस्तांतरण की एसओपी बनाकर लंबित प्रकरणों का तत्काल निस्तारण करें। बैठक में मुख्य अभियंता मुख्यालय डीएस मीना, मुख्य अभियंता-प्रथम अमित अग्रवाल, मुख्य संपदा प्रबंधक प्रवीण अग्रवाल, मुख्य नगर नियोजक अनिल माथुर सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं अभियंता उपस्थित रहे।

# सेंट एंसलम्स स्कूल का सिल्वर जुबली समारोह धुमधाम से मनाया

परिष्कार पत्रिका

जयपुर। सेंट एंसलम्स नॉर्थ सिटी स्कूल झोटवाड़ा का 25वां सिल्वर जुबली समारोह एक भव्य और भावपूर्ण आयोजन के रूप में धूमधाम से मनाया गया। यह कार्यक्रम स्कूल की समृद्ध विरासत और शिक्षा में उसके महत्वपूर्ण योगदान को दर्शाने वाला एक अविस्मरणीय अवसर था। इस मौके पर मुख्य



अतिथि रेवरेन्ड ओसवाल्ड लुईस, विशिष्ट अतिथि फादर रेमंड कोएल्हो और विशेष अतिथि प्रसिद्ध अभिनेत्री एवं नृत्यांगना सुधा चंद्रन ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम का नेतृत्व स्कूल के प्रधानाचार्य रेव फादर थॉमस मनीपरामबिल ने किया। साथ ही उपप्रधानाचार्य फादर किशोर और पूरे सेंट एंसलम्स नॉर्थ सिटी परिवार शिक्षकों, सहयोगी स्टाफ और छात्रों का भी योगदान रहा। जिन्होंने इस आयोजन को एक यादगार शाम में तब्दील कर दिया।

उपस्थित प्रमुख अतिथियों में रेव फादर पॉल पुलाचन, रेव फादर मेल्विन जोबार्ड और स्कूल के पूर्व प्रबंधक फादर जोस अनिकाट्ट भी शामिल थे। जिनका स्कूल की समृद्ध यात्रा में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। फादर एडवर्ड ओलिवेरा, विकर जनरल, और वर्तमान प्रबंधक फादर जयपाल ने भी इस अवसर पर अपनी उपस्थिति से आयोजन की शोभा बढ़ाई। इसके अलावा रेव सिस्टर बर्ना रोड्रिग्स, होली फैमिली ऑफ नाज़रेथ कॉन्ग्रिगेशन की सुपीरियर जनरल और फादर संगीत राज प्रिंसिपल सेंट जेवियर्स नेवटा, फादर डॉ जॉन मैथ्यू निदेशक एम्युनअल मिशन स्कूल ने भी कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। समारोह की शुरुआत शाम स्कूल के कोयर द्वारा प्रस्तुत स्वागत गीत से हुई, जिसके बाद एक मनमोहक प्रार्थना नृत्य प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का आधिकारिक शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जो ज्ञान और भविष्य की आशा का प्रतीक था। इसके बाद छात्रों द्वारा एक उत्साहपूर्ण स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया गया और फिर प्रधानाचार्य ने एक भावपूर्ण स्वागत भाषण दिया, जिसमें उन्होंने स्कूल के सभी पूर्व नेताओं, कर्मचारियों और छात्रों के योगदान के प्रति आभार व्यक्त किया। इसके बाद एक सामूहिक गीत प्रस्तुत किया गया, जिसने पूरे माहौल को और भी उल्लासमय बना दिया। इस विशेष आयोजन का एक खास हिस्सा था मूक-बधिर छात्रों द्वारा प्रस्तुत एक अद्भुत नृत्य प्रदर्शन, जिसने दर्शकों को उनके हौसले और कला से अभिभूत कर दिया। इसके बाद स्कूल की डिजिटल टीम द्वारा स्कूल की इतिहास यात्रा और उसकी प्रगति पर एक






पीपीटी प्रस्तुति दी गई, जिसने सेंट एंसलम्स के 25 सालों की सफलता की झलक प्रस्तुत की। एक भावुक क्षण तब आया जब स्कूल के पूर्व प्रधानाचार्यों, प्रबंधकों और उपप्रधानाचार्यों, जिनमें फादर जोस अनिकाट्ट और फादर एडवर्ड ओलिवेरा शामिल थे, को स्मृति चिन्ह और शॉल देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि, फादर रेमंड कोएल्हो ने एक प्रेरणादायक भाषण दिया, जिसमें उन्होंने शिक्षा की शक्ति और स्कूल के उत्कृष्ट कार्यों की प्रशंसा की। इसके बाद विशेष अतिथि सुधा चंद्रन को प्रधानाचार्य द्वारा सम्मानित किया गया। उन्होंने अपनी अद्वितीय जीवन यात्रा साझा करते हुए छात्रों को साहस और दृढ़ता के साथ अपने जीवन की चुनौतियों का सामना करने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में एक मनोरम नृत्य नाटिका भी शामिल थी, जिसमें छात्रों की रचनात्मकता और समर्पण को दर्शाया। इसके बाद मुख्य अतिथि रेवरेन्ड ओसवाल्ड लुईस ने अपने विचार व्यक्त किए। जिसमें उन्होंने स्कूल की उपलब्धियों और शिक्षा में उसके योगदान की प्रशंसा की। समारोह का समापन एक भव्य फिनाले के साथ हुआ, जिसमें सभी कलाकारों ने मिलकर एकता और उल्लास का प्रदर्शन किया। इसके बाद एक धन्यवाद ज्ञापन दिया गया, जिसमें सभी का आभार व्यक्त किया गया जिन्होंने इस समारोह को सफल बनाने में योगदान दिया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ जो देशभक्ति की भावना से भरा हुआ था।

### दूढांड़ री ललकार ने मनाया 32 वां स्थापना दिवस



परिष्कार पत्रिका

जयपुर। दूढांड़ री ललकार पाक्षिक समाचार पत्र ने अपना 32 वां स्थापना दिवस समारोह मनाया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गलता पीठाधीश्वर स्वामी अवधेशाचार्य महाराज थे। विशिष्ट अतिथि कुसुम यादव, सुरेन्द्र पारीक पूर्व विधायक थे। इस अवसर पर संपादक अशोक शर्मा ने बताया कि स्थापना दिवस के अवसर पर विभिन्न सेक्टर की 21 विभूतियों को सम्मानित किया गया।

# समर्पण संस्था का 9वां राष्ट्र स्तरीय समर्पण समाज गौरव अवार्ड समारोह 10 नवम्बर को

**देशभर से चयनित 54 विभुतियों को 15 श्रेणियों में समर्पण समाज गौरव 2024 और 20 युवा प्रतिभाओं को दिया जायेगा समर्पण युवा जाग्रति 2024 अवार्ड**




परिष्कार पत्रिका

जयपुर। मानवता व परोपकार के लिए समर्पित राजस्थान की अग्रणी समर्पण संस्था के तत्वावधान में रविवार 10 नवम्बर को 9वाँ राष्ट्र स्तरीय समर्पण समाज गौरव 2024 अवार्ड समारोह आयोजित किया जायेगा। यह समारोह त्रिवेणी नगर गोपालपुरा बाइपास स्थित केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के न्यु ऑडिटोरियम में प्रात: 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक होगा। समारोह की तैयारियों को लेकर संस्था सदस्यों की एक बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में संस्था के संस्थापक अध्यक्ष आर्किटेक्ट डॉ दौलत राम माल्या ने समारोह की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि अवार्ड समारोह में देशभर से चयनित 54 उत्कृष्ट कार्य करने वाले महान व्यक्तियों को समर्पण समाज गौरव 2024 अवार्ड से सम्मानित किया जायेगा। कुल 15 श्रेणियों में दिये जाने वाले अवार्डस में समाज सेवा के क्षेत्र में 7 को मदर टेरेसा, शिक्षा में 7 को डॉ राधाकृष्णन, सामाजिक न्याय में 3को डॉ बीआर अम्बेडकर, चिकित्सा में 3 को डॉ विधान चन्द्र राय, साहित्य में 4 को मुन्शी प्रेम चन्द, शोध व आविष्कार में 4 को डॉ एपीजे अब्दुल कलाम, खेल में 3 को मेजर ध्यान चन्द, आध्यात्म में 1 को बाबा हरदेव सिंह, पर्यावरण में 5 को सुन्दर लाल बहुगुणा, कला व संस्कृति में 3 को भूपेन हजारिका, महिला सशक्तिकरण में 3 को रानी लक्ष्मी बाई, पत्रकारिता में 5 को कुलदीप नेय्यर, उद्यमी क्षेत्र में 2 को धीरूबाई अंबानी व योग में 3 को महर्षिपतंजलि के नाम से व दान में 1 को भामाशाह समर्पण समाज गौरव 2024 अवार्ड दिया जायेगा। इसके साथ ही 20 युवा प्रतिभाओं को समर्पण युवा जाग्रति 2024 अवार्ड से सम्मानित किया जायेगा।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ हरिसिंह गौर केंद्रीय विश्वविद्यालय, सागर, मध्य प्रदेश के कुलाधिपति केएल बेरवाल होगें और अध्यक्षता जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर के पूर्व कुलपति डॉ लोकेश शेखावत करेंगे। अति विशिष्ट अतिथि डॉ ओमप्रकाश बैरवा आयुक्त कॉलेज शिक्षा राजस्थान, डॉ महेन्द्र सुराणा सेवानिवृत्त आई ए एस, पद्मश्री जनाब एस शाकिर अली मिनियचर पेंटिंग होंगे। विशेष आमंत्रित अतिथि डॉ बी एल जाटावत, आर पी बैरवा विशेष आयुक्त राज्य वस्तु एवं सेवा कर विभाग व अध्यक्ष राजस्थान राज्य कर सेवा संघ, ज्योति कुमार माहेश्वरी वरिष्ठ समाजसेवी व चेयरमैन इस्कॉन मंदिर जयपुर होंगे। इसके साथ ही अनेक प्रतिष्ठित व्यक्तियों को विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है।

बैठक वरिष्ठ उपाध्यक्ष सी एल वर्मा की अध्यक्षता में की गई। इस अवसर पर सचिव नयन खण्डेलवाल, उपाध्यक्ष बी एल मेहरडाए कोषाध्यक्ष राम शेखर चन्देल, मनीष विजयवर्गीय, बाल किशन आकोदिया, सन्तोष कुमार बैरवा, श्याममोहन व्यास सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे। इस अवसर पर संस्था पदाधिकारियों ने समारोह के पोस्टर का विमोचन किया। संचालन आकाशवाणी उद्घोषिका शिवाली गुप्ता ने किया।















# सभी पाठकों को दीपोत्सव त्यौहार की हार्दिक शुभकामनाएं

दीपावली 31 अक्टूबर को, तैयारी जोरों पर

## शहर के बाजारों में होने लगी रोशनी

परिष्कार पत्रिका

जयपुर। दीपावली के अवसर पर शहर को जगमग करने की तैयारियां शुरू हो गई। जयपुर के सभी प्रमुख बाजार सजने लगे हैं। तरह-तरह के ऑफर के साथ व्यापारियों ने अपने-अपने उपभोक्ताओं को आकृर्षित करना शुरू कर दिया। इस बार विशेष रौशनी से पूरे शहर को सजाया गया है। प्रदेश में राजकीय कार्मिकों को अक्टूबर माह का वेतन दीपावली से पहले मिलने की संभावना है। राजस्थान सरकार आमजन के हित में इस तरह के फैसले ले रहीं है।


हार्दिक शुभकामनाएं
श्रीमती कुमकुम मुख्य न्याय मजिस्ट्रेट एवं उत्तम कुमार डायरेक्टर एनआरआरडीए करधनी स्कीम, गोविन्दपुरा जयपुर

हार्दिक शुभकामनाएं
अमर सिंह निर्वाण एवं प्रमिला देवी
रिटायर्ड, रेलवे विभाग, 63/34 पाल बीछला, दयाल बीड़ी के पीछे, अजमेर

सभी सम्मानीय पाठकों को
हार्दिक शुभकामनाएं
Mr. Kamal Kharre
S/o Shri KailashChand Kharre
Postal assistant India post
(Department communication IT)
Off.: Jawahar nagar head post office jaipur
Resi. : 23 kharrr bhawan mohan nagar mount raod nahargarh road jaipur

हार्दिक शुभकामनाएं
राजेन्द्र के. शर्मा [हंस]
जिला शिक्षा अधिकारी मुख्यालय माध्यमिक शिक्षा जयपुर

हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ दौलतराम माल्या
निदेशक एवन आर्किटेक्ट्स प्रा लि 18 बी, श्री कल्याण नगर, करतारपुरा जयपुर

हार्दिक शुभकामनाएं
उमाशंकर खनगवाल
समाज सेवी
जगदम्बा कॉलोनी, नया खेड़ा, विधाधर नगर, जयपुर 39

हार्दिक शुभकामनाएं
कालूराम गहलोत
समाज सेवी
हरी नगर कॉलोनी, घाटगेट, जयपुर

हार्दिक शुभकामनाएं
मालीराम खनगवाल
प्रशासनिक अधिकारी
8 मदरामपुरा, अजमेर रोड़, गीतांजली टॉवर के पीछे, जयपुर-6
मो. 9928727233

हार्दिक शुभकामनाएं
आकाश कायथ
एडवोकेट, सेशन कोर्ट
निवासः एफ 1/173, चित्रकूट, वैशाली नगर, जयपुर
मो. 9829056886

हार्दिक शुभकामनाएं
बाबूलाल डाबी
महामंत्री
राजस्थान धानका समाज, 428, विवेक विहार, न्यू सांगानेर रोड़, जयपुर

हार्दिक शुभकामनाएं
चन्द्रकांत सोलंकी
सामाजिक कार्यकर्ता
17 मां शाकम्भरी नगर गांधीपथ वेस्ट जयपुर
मो 9772445166

सभी प्रदेशवासियों को दीपावली के अवसर पर
हार्दिक शुभकामनाएं
शायर सिंह किरार- निर्मला किरार
ट्रेकान कोरियर
शॉप नं 2, प्लाट नं 36 भैरव नगर, ईएसआई के पास, हटवाड़ा रोड़, जयपुर
89, संतोष नगर, अजमेर रोड़, जयपुर
मो. 8561888504

सदाचार उच्च मा. विद्यालय
आकड़ मार्ग, बनीपार्क जयपुर फोन नं. 2202026
[अग्रेंजी व हिन्दी माध्यम सहशैक्षणिक संस्था]
कला एवं वाणिज्य [कॉमर्स] संकाय
SADACHAR PUBLIC SCHOOL
(An English Medium Co-educational institute)
Ph. 3141519, 2202026
English Medium
Play Group to VIIIth
Conveyance Facility (Auto)
Based on N.C.R.T. Pattern

सभी विद्यार्थियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
ऊषा शर्मा
प्रिंसिपल
सदाचार उच्च मा विद्यालय

मधु देवी एवं रामप्रकाश पचेरवाल
21 अम्बेडकर कॉलोनी, सोड़ाला, अजमेर रोड़ जयपुर -19 मो. 9521537424

सभी सम्मानीय पाठकों को
हार्दिक शुभकामनाएं
नोयल डिसल्वा
निदेशक, सैंट माइकल सीनियर सैकण्डरी सकूल, सुभाष चौक आमेर रोड़, जयपुर

सभी सम्मानीय पाठकों को
हार्दिक शुभकामनाएं
Mrs. Sabita Nair
Principal, Rao International Se. Sec. School, Jaipur

हार्दिक शुभकामनाएं
रवि शंकर वर्मा
प्रधानाचार्य,
डॉ अम्बेडकर सी सै स्कूल,
आदर्श नगर जयपुर
मो 9460124510

माईकल कैथलीनो-ग्लोरिया कैथलीनो
संस्थापक-केस्टलीनो आई फाउंडेशन
ग्राउंड फ्लोर धुलेश्वर गार्डन, जयपुर

महेशचंद कायथ एवं पद्मावती देवी
प्रधानाचार्या, राजकीय विद्यालय
एफ 1/173, चित्रकूट, वैशाली नगर, जयपुर

सभी सम्मानीय पाठकों को दीपावली की
हार्दिक शुभकामनाएं
फादर डॉ जान मैथ्यू
निदेशक, इमानुएल मिशन सीनियर सैकंडरी स्कूल, झोटवाड़ा, जयपुर

सभी सम्मानीय पाठकों को दीपावली की
हार्दिक शुभकामनाएं
रेव फादर संगीथराज एसजे
प्रिंसिपल, सेंट जेवियर्स स्कूल नेवटा जयपुर


सभी सम्मानीय पाठकों को दीपावली की
हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ. मुदित विलियम्स
निदेशक
सेंट जोसेफ स्कूल, प्रताप नगर जयपुर

सभी सम्मानीय पाठकों को दीपावली की
हार्दिक शुभकामनाएं
रेव फादर थॉमस मनीपरामबिल
प्रिंसिपल, सेंट एंसलम्स नॉर्थ सिटी स्कूल, झोटवाड़ा , निवारू रोड़ जयपुर








स्वत्वाधिकारी प्रकाशक, मुद्रक और संपादक रवि सिंह किरार द्वारा एम बी प्रिन्टर्स डिग्गी हाऊस, एफ 76 करतापुरा औद्योगिक क्षेत्र, जयपुर से मुद्रित तथा 89, संतोष नगर, अजमेर रोड़, जयपुर से प्रकाशित। फोन नं. 9314407796 parishkarpatrika@gmail.com
www.parishkarpatrika.com, www.parishkarpatrika.page प्रधान संपादक हेमलता किरार तथा सलाहकार श्रवण सिंह किरार, विजय सिंह किरार, प्रचार एवं प्रसार प्रबंधक डी कुमार चित्र, शायर सिंह किरार